दिनांकः 07.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी–इनमें राजस्थान के नौ केन्द्रीय विद्यालय भी शामिल।
- देशभर में टीबी मामलों से निपटने के लिए 100 दिन के अभियान की आज से शुरूआत।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन के जोधपुर प्रवास पर–कल बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे।
- सशस्त्र सेना झण्डा दिवस आज–प्रदेश में विभिन्न आयोजन।

..............................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी दे दी है। इन पर 5 हजार 872 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इसके तहत राजस्थान में भी नौ नए विद्यालय खोले जाएंगे। ये विद्यालय एसएफएस फलौदी, बीएसएफ सतराना, बीएसएफ श्रीकरणपुर, हिंडौनसिटी, मेड़तासिटी, राजसमंद, राजगढ़, भीम और महुआ में खोले जाएंगे। कल नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश में लगभग 82 हजार 560 विद्यार्थियों को सस्ती और उच्च गुणात्मक शिक्षा मिल सकेगी।

..............................

देशभर में आज से तपेदिक यानी टीबी के मामलों से निपटने के लिए 100 दिन के अभियान की शुरूआत हो रही है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हरियाणा के पंचकुला से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। ये अभियान 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापरक इलाज को सुलभ बनाना, कमजोर समूहों के बीच लक्षित जांच, अधिक जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए विशेष देखभाल और पोषण सहायता देना है।

..............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को सफल बनाने के लिए कल नौवां संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समिट के आयोजन के दौरान उत्पन्न कचरे का उचित प्रबंधन कर ग्रीन राजस्थान की ओर कदम बढ़ाया जाएगा। गौरतलब है कि 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में आयोजित होने वाली समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। प्रधानमंत्री के जयपुर दौरे और समिट की सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से शहर में व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

..............................

राज्य में चिकित्सा विभाग ने 7 कैडर के लिए 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। विभाग ने कल नर्सिंग ऑफिसर के 8 हजार 750 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर 7 हजार 657 पदों की अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी है। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि कुछ कारणों से 1 हजार 13 अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गया है। श्रीमती राठौड़ ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग में निदेशक–अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से 8 कैडर के करीब 20 हजार 546 पदों पर नियमित भर्ती का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नर्सिंग अधिकारी के करीब 17 हजार पदों पर भर्ती का काम पूरा कर लिया गया है।

..............................

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से दो दिन की जोधपुर यात्रा पर रहेंगे। श्री शाह कल सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वे बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में रेजिंग डे परेड में भाग लेंगे। गृहमंत्री सर्किट हाउस में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री शाह के दौरे को लेकर विभिन्न तैयारियां की जा रही हैं।

..............................

आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। बाड़मेर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सैनिकों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। जालौर में एनसीसी कैडेट्स की ओर से साइकिल रैली निकाली जा रही है। जयपुर में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से "विंटेज जीप रैली' निकाली जाएगी। ये रैली अल्बर्ट हॉल से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जनपथ पहुंचेगी, जहां अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित किये जाएंगे।

..............................

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कल सवाईमाधोपुर में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये। श्री नागर ने रबी फसल के लिए किसानों को 6 घण्टे और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 24 घण्टे निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लम्बित विद्युत कनेक्शनों को तुरंत प्रभाव से जारी करने को भी कहा। श्री नागर ने अधिकारियों से पीएम कुसुम योजना और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन और किसानों को लाभांवित करने की बात कही।

..............................

जयपुर हेरीटेज नगर निगम कचरे से बिजली बनाने के लिए जल्द ही प्लांट लगाएगा। इसके संचालन को लेकर एक निजी कम्पनी के साथ एमओयू किया गया है। हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि कम्पनी वेस्ट टू एनर्जी प्रोजेक्ट में लगभग साढे तीन सौ करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके लिए केन्द्र सरकार से 192 करोड़ रुपये का ऋण भी मिलेगा। प्लांट शुरू होने के बाद हेरिटेज निगम को 66 रुपये प्रति टन के हिसाब से एक महीने में करीब 20 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

..............................

जैसलमेर में कुरजा जैसे दिखने वाले प्रवासी पक्षी कॉमन क्रेन के नजर आने से पर्यावरण और वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। मध्य एशिया से भारत और विशेष रूप से राजस्थान में प्रवास करने वाले कुरजा पक्षी के साथ अब उसके हमशक्ल कामन क्रेन पक्षी भी यहां आने लगे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............................

प्रदेश में सर्दी का असर तेज हो गया है। राज्य के ज्यादातर शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। राजधानी जयपुर में ठंडी हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान माउंट आबू में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 2–3 डिग्री की गिरावट की संभावना जताई है। विभाग ने प्रदेश में 10 दिसम्बर से शीतलहर चलने की संभावना भी व्यक्त की है।

..............................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज में सेवा प्रकल्प कंबल निधि का शुभारंभ करेंगे। श्री बिरला आज अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान एमबीएस अस्पताल और बूंदी

जिला अस्पताल में भी सेवा प्रकल्प की शुरुआत करेंगे। सेवा प्रकल्प के तहत सर्दी के मौसम में शहर के अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को निःशुल्क रज़ाई और कम्बल उपलब्ध करवाए जाएंगे।

……………………….